हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 हिन्दू नववर्ष पर आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा



**बवासीर का आधुनिक इलाज**
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
**गुप्ता हॉस्पिटल**
**डॉ. शुभम् गुप्ता**
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# पहरिया पाठ जंगल में लकड़ी काटने को मानते हैं अशुभ, चली आ रही परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले पहरिया पाठ जंगल में लकड़ी काटने को आज भी वहां के लोग अशुभ मानते है। इस तरह की परंपरा पीढ़ियों से चली रही है। पहाड़ों के बीच विराजमान मां अन्नधरी की लोग पूजा अर्चना करते है। नवरात्रि के दिनों में यहां विशेष भीड़ रहती है। पूरे 9 दिनों तक यहां मेला सा माहौल देखने को मिलता है। साल में दो बार मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाते है।

ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा जिले में एक ऐसा जंगल है, जहां न पेड़ काटा जाता है और न ही यहां की सूखी लकड़ियों को उठाकर घर लाया जाता है। लोगों का ऐसा मानना है कि गलती से भी अगर इस जंगल की एक लकड़ी भी घर पहुंच जाए तो अनिष्ट हो जाता है। इस तरह की मान्यता बताई जा रही है। लोगों का मानना है कि पहरिया पाठ के जंगल में लकड़ी में साक्षात मां का वास होता है। एक ओर मां अन्नधरी विराजमान हैं तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों की अपनी मान्यताएं भी हैं. जंगल की लकड़ी उपयोग नहीं करने की यह परंपरा इस क्षेत्र में बरसों से चली आ रही है। पहरिया पाठ जंगल में चारों तरफ भरपूर हरियाली के साथ ही सूखे पेड़ों के ठूंठ भी खूब मिल जाएंगे। यहां भरपूर मात्रा में सूखे पेड़ और लकड़ियां होने के बाद भी ग्रामीण इनका जलाऊ लकड़ी के रूप में प्रयोग नहीं करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पूर्वजों के समय से ये परंपरा चली आ रही है। अगर कोई गलती से जंगल से लकड़ी उठा भी लाया तो कुछ दिनों में ही उसके घर में अनहोनी हो गई। मां अन्नधरी दाई भी यहां विराजमान हैं. इन्हीं का प्रताप है कि लोग जंगल को पवित्र मानते हुए यहां पेड़ों की कटाई नहीं करते। भले ही लकड़ी पड़े पड़े सड़ ना क्यों ना जाए। बुजुर्गों के अनुसार प्राचीन समय से यहां देवी विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि सैकड़ों वर्षों पहले पहरिया रतनपुर राज्य के अंतर्गत आने वाला पहाड़ी गांव था। ग्राम पहरिया चारों ओर पहाड़ों से घिरा हुआ है। ग्रामीणों के ऐसा मानना है कि देवी उनकी रक्षा करती हैं। पहरिया पाठ पहाड़ में विराजित मां अन्नधरी दाई के मंदिर में साल में दो बार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलन किया जाता है। नवरात्र में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का यहां तांता लगा रहता है। रविवार 30 मार्च को नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही पहरिया सहित पुरैना, खैजा, बोकरेल, पंतोरा, घाठाद्वार सहित आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या में माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे है।

## पहाडों के बीच विराजमान है मां अन्नधरी, करती है हर मनोकामना पूरी





### माता दाई मंदिर में घट स्थापना के साथ जल रहे आस्था के द्वीप

**तुस्मा।** शिवरीनारायण तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़पार के माता दाई मंदिर में घट स्थापना के पश्चात जल रहे आस्था के द्वीप। चैत्र नवरात्रि में अधिकांश मंदिरों में घट स्थापना कर आस्था के द्वीप जला कर देवियों के सामने मत्थे टेक कर अपनी मन्नत मांगते है और पूर्ण होने की माता के सामने दंडवत शरण करते हैं। हालांकि इस वर्ष मुड़पार के माता दाई मंदिर में आस्था के कुल 62 द्वीप जल रहे है। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मन्नत को पूर्ण करने के लिए माता दाई मंदिर में 751 रुपया की सहयोग राशि देकर आस्था के द्वीप प्रज्वलित किए है। ग्राम के मुखिया हेमा भूपेंद्र साहू उपसरपंच अशोक कर्ष एवं समस्त पंचों ने माता दाई मंदिर पहुंच कर श्रीफल तोड़कर ग्राम वाशियो के लिए सुख समृद्धि की कामना की। जो ग्रामीणों के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### मौसम का तापमान 40 डिग्री पार, लोग बेहाल

**जांजगीर-चांपा।** मार्च महीने के आखिरी सप्ताह में गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। इसके साथ ही अप्रैल माह से गर्मी और बढने की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही है। बढ़ेगी। दोपहर को सड़कों के साथ हाट बाजारों में भी वीरानी छाने लगी है। नसड़कों और गलियों में भी दोपहर में सन्नाटा पसरा रहता है। मार्च माह में पिछले दस सालों में पार 40 के पार नहीं पहुंचा था। इस बार 31 मार्च को तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मार्च में ही बढॅती गर्मी ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया है। अप्रैल के पूर्व गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। इससे तापमान का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है।

### भू-विस्थापितों का आंदोलन चार महीने से जारी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर भू विस्थापितों का तकरीबन चार महीने से चल रहा है। ज्ञात हो कि नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मड़वा पॉवर प्लांट अंतर्गत आने वाले भू विस्थापित सोमवार 14 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे है। अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण में बहुत ही कम दाम पर 3 लाख 64 हजार रुपए में ली गई थी। भू-विस्थापितों को 2007 पुर्नवास नीति के तहत नौकरी एवं उनके सह खातेदारों को जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक निर्वहन भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी भी भू-विस्थापितों को नौकरी नहीं दी गई और नहीं निर्वहन भत्ता दिया जा रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ एटक के द्वारा भू-विस्थापितों को नौकरी दो, की मांग को लेकर चरणबद्ध अनिश्चित कालीन हड़ताल 14 अक्टूबर से चल रहा है। सोमवार 31 मार्च को भी उनका आंदोलन जारी रहा।

### प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता सूची जारी, 4 तक दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खम्हिया में आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त किये गये अंको के आधार पर प्रथम योग्यता सूची जारी किया गया है। हितग्राही आवेदिक, पक्षकारों से सप्रमाण दावा आपत्ति 4 अप्रैल तक में आमंत्रित है।

### हेलमेट वितरण कर रोड एक्सीडेंट कम करने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा चन्द्रपुर स्थित मॉ चन्द्रहासिनी मंदिर पहुँच कर अपने पुलिस टीम के साथ चन्द्रहासिनी मंदिर नवरात्रि पर्व पर पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण करते हुये मां चन्द्रहासिनी मंदिर मे पुजा अर्चना की और आम लोगो को रोड एक्सीडेन्ट कम करने के लिए पुलिस टीम के साथ हेलमेट वितरण किया गया। उन्होंने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाये, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन न चलाये, तीन सवारी दो पहिया वाहन न चलाये, तेज गति से वाहन न चलाये, शराब पीकर वाहन न चलाये, ट्रैफिक नियमो का पालन करते हुए वाहनो का उपयोग करने की बात कही है।

## छुट्टी के दिनों में भी मशक्कत करते दिखे अधिकारी कर्मचारी

# 99 करोड़ 75 लाख के टारगेट में 39 करोड़ 8 लाख की रजिस्ट्री बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री पंजीयन के माध्यम से 99 करोड़ 75 लाख 93 हजार रुपए राजस्व इनकम का टारगेट रखा गया था। जिसके तहत 60 करोड़ 66 लाख 97 हजार रुपए का इनकम प्राप्त हुआ, जबकि 39 करोड़ 8 लाख 96 हजार का टारगेट पूरा करना अभी बाकी रह गया है। खास बात यह है कि लक्ष्य पूरा करने को लेकर विभाग के अधिकारी छुट्टी के दिनों में भी मशक्कत करते देखे गए।

गौरतलब है कि जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री पंजीयन के माध्यम से शासन को हर साल करोड़ों रुपए का इनकम प्राप्त होता है। साथ ही बड़े पैमाने पर लोग जरूरत के हिसाब से जमीन की खरीदी बिक्री भ। करते हैं विभागीय जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024 एवं 25 को मिलाकर जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय को 99 करोड़ 75 लाख 93 हजार 487 रुपए का राजस्व इनकम प्राप्त करने का टारगेट रखा गया था। जिसके तहत 60 करोड़ 66 लाख 97 हजार 75 रुपए की रजिस्ट्री हो गई वही 39 करोड़ 8 लाख 96 हजार 412 रुपए का राजस्व आय प्राप्त करने का टारगेट अभी बाकी रह गया है। लोग जरूरत के हिसाब से जमीन की खरीदी बिक्री करते हैं। इसके लिए लोगों को रजिस्ट्री करना अनिवार्य रहता है। जिला पंजीयक एवं उनके उप पंजीयक कार्यालय में छुट्टी के दिनों में भी रजिस्ट्री को लेकर लगातार भीड़ देखी जा रही है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर बड़े पैमाने पर खेत खरीदना बेचना मकान बेचना मकान खरीदना समेत अन्य तरह के कार्यों के लिए जमीन एवं मकान की रजिस्ट्री कराना जरूरी रहता है, मकान एवं जमीन का दस्तावेज अपने पास सुरक्षित रखा जा सके। जांजगीर चांपा जिले के बलौदा, नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा समेत अन्य कार्यालय में रजिस्ट्री कराने की अंतिम दिनों में शासकीय छुट्टी होने के बावजूद काफी भीड़ देखी गई छुट्टी के दिनों में भी रजिस्ट्री का काम हुआ है। जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री के लिए बेचने वाले खरीदने वाले का आधार कार्ड मोबाइल नंबर गवाह का आधार कार्ड मोबाइल नंबर जमीन का दस्तावेज सहित अन्य तरह का दस्तावेज जरूरी रहता है। इसके बाद कार्यालय में उनकी उपस्थिति एवं जांच पड़ताल के बाद जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री की जाती है।




### जगह के हिसाब से तय होती है कीमत

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन एवं खेत के साथ मकान की कीमत जगह के हिसाब से तय की जाती है शहरी क्षेत्र में जहां सड़क किनारे की जमीन की कीमत प्रति एकड़ के हिसाब से करोड़ों रुपए में तय होती है उसके हिसाब से ग्रामीण क्षेत्र की जमीन की कीमत कम होती है हालांकि सड़क बनाने को लेकर सरकार के द्वारा किसी तरह का प्रोजेक्ट एवं प्रपोजल तैयार कर सड़क निर्माण की तैयारी होती है उसे दौरान ग्रामीण क्षेत्र की जमीन की कीमत बढ़ जाती है जहां नहर की सुविधा वाले क्षेत्र की जमीन की कीमत ज्यादा होती है।

### रजिस्ट्री कराने 16 हजार 767 दस्तावेज जमा

जमीन खरीदी बिक्री के लिए रजिस्ट्री जरूरी रहता है 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की स्थिति में 16 हजार 767 दस्तावेज जमा हुआ है। यह दस्तावेज जांजगीर कार्यालय के अलावा पामगढ़ नवागढ़ अकलतरा बलौदा कार्यालय से भी प्राप्त हुए हैं। जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री के लिए बेचने वाले खरीदने वाले का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर गवाह का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जमीन का दस्तावेज सहित अन्य तरह का दस्तावेज जरूरी रहता है। इसके बाद कार्यालय में उनकी उपस्थिति एवं जांच पड़ताल के बाद जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री की जाती है। इस हिसाब से 16 हजार 767 आवेदन रजिस्ट्री कराने के लिए जमा हुए है।

### की गई रजिस्ट्री

जमीन खरीदी बिक्री को लेकर उसकी रजिस्ट्री करना जरूरी रहता है। 99 करोड़ 75 लाख के टारगेट में 60 करोड़ 66 लाख 97 हजार का इनकम प्राप्त हुआ है। साथ ही 16 हजार 767 दस्तावेज भी जमा किए गए हैं।

-चित्रसेन पटेल,
जिला पंजीयक
जांजगीर चांपा

## राजस्व वसूली...



**नैला-जांजगीर।** वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम दिन सोमवार 31 मार्च को शासकीय अवकाश होने के बावजूद नगर पालिका जांजगीर नैला में कर्मचारियों के द्वारा राजस्व वसूली को लेकर मुस्तैद रहे। फोटो : हरिभूमि

# बढ़ती गर्मी के साथ उल्टी दस्त से प्रभावित मरीज पहुंच रहे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मार्च माह की समाप्ति के साथ ही गर्मी में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके साथ ही उल्टी दस्त से प्रभावित मरीज भी बढ़ रहे है। जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों उपचार करने वाले मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक भीड़ जिला अस्पताल में देखी जा रही है। जहां प्रत्येक दिन 350 के करीब मरीज उपचार करने पहुंचे भी रहे हैं

गौरतलब है कि मंगलवार से अप्रैल माह की शुरूआत हो रही है। इधर तेज गर्मी के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। जिसके चलते उल्टी दस्त एवं डायरिया से प्रभावित मरीज भी बढ़ रहे हैं। खासकर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जांजगीर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी भारी भीड़ मरीजों की देखी जा रही है। जांजगीर के जिला अस्पताल में रोजाना 350 के करीब मरीज उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी में 300 से 350 मरीज उपचार करने ऑनलाइन पंजीयन भी करते हैं। इसके अलावा सर्दी, जुकाम, बुखार मलेरिया, टाइफाइड, पीलिया सहित अन्य बीमारियों से प्रभावित मरीज रोजाना जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने जा रहे हैं। मौसम विभाग से जुड़े जानकारों का मानना है कि अप्रैल एवं मई के महीने में इस साल भारी गर्मी पड़ सकती है।



ओपीडी में लगी मरीजों की कतार।

# पोड़ीदल्हा में शेर होने की बात महज अफवाह : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पिछले तीन-चार दिनों से पोंड़ी दलहा एवं आसपास के गांव में कुछ शरारती तत्वों के द्वारा अन्य स्थान के एक बाघ का वीडियो शेयर करके पोंड़ी दलहा के जंगल में बाघ आने की सूचना देते हुए हुए लोगों को सतर्क रहने की बात कही जा रही थी।

सोशल मीडिया के इस जमाने में पोंड़ी दलहा के जंगल में बाघ होने की बात जंगल में आग की तरह फैल गई एवं लोगों में हड़कंप मच गया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं एसडीएम विक्रांत अंचल तक यह बात पहुंचाई की क्षेत्र के लोगों के द्वारा भ्रामक सूचना का स्वयं शिकार होकर के अन्य लोगों तक भ्रामक सूचना पहुंचाई जा रही है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं एसडीएम विक्रांत अंचल के द्वारा वन विभाग से इस बात की पुष्टि किए जाने पर वन विभाग द्वारा बताया गया कि यह पूर्ण रूप से गलत सूचना है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा फेसबुक पोस्ट के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बताया गया कि पौड़ी दलहा के जंगल में बाघ होने की सूचना पूर्ण रूप से गलत एवं असत्य है। पोंड़ी दलहा के सरपंच जितेंद्र सिंह के द्वारा भी लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक सूचना के बारे में बताते हुए किसी प्रकार के अफवाह में नहीं आने की बात कही गई है।

## डॉक्टर द्वारा महिला से छेड़छाड़ का मामला आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**चांपा।** डॉक्टर द्वारा महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 30 मार्च को उक्त महिला कृष्णा हास्पिटल चाम्पा गई थी। जहां डाक्टर जे.पी. देवांगन द्वारा पीड़िता का आईसीयू वार्ड में चेकअप किया जा रहा था। इसी दौरान डॉक्टर द्वारा गलत नियत रखते हुए बेइज्जत करने की नियत से छेड़छाड़ किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 74,75 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले में आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया।

# आईपीएल में सट्टा खिलाने वाले 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती शहर का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आईपीएल क्रिकेट मैच की शुरूवात होते हेतु सक्ती नगर में आईपीएल के क्रिकेट मैचों सट्टे की सूचना प्राप्त हो रही है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा अवैध रूप से जुआ, सट्टा खेलाने और खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के नेतृत्व में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है। इसी दौरान 30 मार्च को अग्रसेन चौक सक्ती के पास मुखबीर से बताये हुलिया का एक व्यक्ति अपने मोबाईल में आनलाईन सट्टा एप्स के माध्यम से सट्टा खेलते हुये रंगेहाथ पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने अपना नाम हुलास देवांगन पिता मोहन लाल देवांगन उम्र 25 साल निवासी वार्ड नंबर 10 अखराभांठा सक्ती का रहने वाला बताया और प्रियांशु अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 7 राम मंदिर के पास सक्ती से आई.डी. लेकर आनलाईन सट्टा खेलना बताया। जिस पर हुलास देवांगन को साथ लेकर नारायण सागर रोड वंदना मोड के पास गये जहां घेराबंदी कर प्रियांशु अग्रवाल को पकड़ा गया जिसे पुछताछ करने पर आनलाईन आई.डी. खरीद कर हुलास देवांगन को बेचना तथा स्वयं आनलाईन से एप्स के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैंच में सट्टा खेलना स्वीकार किया। 1 नग मोटोरोला कंपनी का मोबाईल, कीमती 20 हजार एवं 1 नग रीयलमी कंपनी का मोबाईल, कीमती 15000 रूपये तथा प्रियांशु अग्रवाल द्वारा 1 नग आई फोन कुल जुमला 85 हजार रूपये को पेश करने पर जप्त किया गया है। जिन्हे न्यायालय सक्ती में न्यायिक रिमांड पर पेश किया जायेगा। कार्यवाही में एस डी ओपी सक्ती मनीष कुंवर के नेतृत्व में निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी, उप निरीक्षक अनवर अली, सउनि एंथोनी एक्का, संजीव शर्मा, मनीष राजपूत, आरक्षक लक्ष्मी साहू, योगेश राठौर की भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## मस्जिद में एकत्रित होकर समाज के लोगों ने नमाज किए अदा

# लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का प्रतीक पर्व ईद मना धूमधाम से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

मुस्लिम समाज द्वारा नगर में ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। ईद इस्लाम के सबसे खास त्योहारों में से एक है। यह पर्व लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का प्रतीक रहा है और साथ ही बच्चे-बड़े ईदी पाने के लिए इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। रमजान का महीना खत्म होने के बाद मीठी ईद मनाई जाती है। पूरे एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद आता है।

अकलतरा जामा मस्जिद के इमाम अमजद अली ने बताया कि इस साल ईदगाह में पूरे हर्षोल्लास के सांथ ईद की नमाज अदा किया गया। रमज़ान के 29 रोजे पर ही चांद के देखाने के बाद ईद की नमाज अकलतरा शहर के बलौदा रोड पर स्थित शाही ईदगाह में ईद की नमाज 8 बज कर 45 मिनट पर अदा किया गया। अकलतरा के आस पास क्षेत्रो के आस पास से बच्चे बड़े,बुजुर्ग ईद की नमाज के लिये ईदगाह में इकठ्ठा हुये और नमाज अदा किये। इस दौरान इमाम साहब के द्वारा पूरे मुल्क में अमन व शांति के लिये दुआ किया गया( साथ ही ईदगाह से लगे हुए कब्रिस्तान में लोगो ने अपने पूर्वाजो के क़ब्रो पर फूल-इत्र अगर पत्ती जला कर दुआ की गई। इस मौके पर सेवाई,सरबत का भी इंतेजाम किया गया था। कार्यक्रम के आयोजन में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान का खास योगदान रहा। इमाम साहब ने अमन व शांति के लिये दुआ किया गया। साथ ही ईदगाह से लगे हुए कब्रिस्तान में लोगो ने अपने पूर्वाजो के क़ब्रो पर फूल-इत्र अगर पत्ती जला कर दुआ की गई। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के मौलाना असरफ खान, हाफिज फ़रीद, हाजी शाहनवाज, हाजी डॉ सफिक, इस्लाम हक़, वसीम साबरी, मोहम्मद ईस्माइल, शहज़ादा खान, जैनुल खान, परवेज खान,अल्फाज साबरी, अमन खान, फिरोज खान,समसुल खान, शरीफ खान, सलीम सौदागर,मून शफीक, शरीफ खान, राजा खान,अब्दुल मोइत बाबा,आरिफ मेमन,हाजी शब्बीर मेमन,मकबूल खान, नासिर खान, बिलाल खान, रजब खान, मुर्तुजा खान सहित मुस्लिम समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मस्जिद में नमाज अदा करने पहुंचे समाज के लोग।

## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश हेतु 11 कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** व्यापम द्वारा राज्य के सरकारी व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट सीजी पीपीटी आयोजित की जाती है। शासकीय पॉलिटेक्निक एवं राज्य के अन्य पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 11 अप्रैल तथा एडमिट कार्ड 22 अप्रैल को जारी की जाएगी। वहीं परीक्षा तिथि 1 मई निर्धारित है। परीक्षा का प्रारूप ऑफलाइन होगा जिसकी अवधि 3 घंटे निर्धारित है। परीक्षा में 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। परीक्षा में कोई नकारात्मक अंक नहीं होगा। अभ्यर्थी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अधिक जानकारी हेतु शासकीय पॉलिटेक्निक, कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

### पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का किया गया गठन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं हैंडपंप के संचालन, संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह पेयजल प्रकोष्ठ 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसके अंतर्गत नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा के सहायक अभियंता पीपीएस पैंकरा मोबाइल नंबर 8827511795 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मानचित्रकार पीएचई पीएल गढ़ेवाल मोबाईल नंबर 6265881469 एवं अनुरेखक पीएचई एसएस कोर्राम मोबाइल नम्बर 9993321894 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा।

### 41 घंटे चल रहा हाईडल प्लांट, 5375 क्यूसेक पानी

# अभी पूरी गर्मी बाकी, बांगो बांध आधे से भी हुआ कम, बढ़ा टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी ने अभी दस्तक दी है। अभी पूरी गर्मी बाकी है, ऐसे में बांगो बांध का जलस्तर आधे से भी कम हो गया है। लगातार हाईडल प्लांट को रफ्तार में चलाया जा रहा है जिसके चलते वाटर लेवल लगातार गिरता ही जा रहा है। अभी पूरी गर्मी बाकी है बारिश आने में लगभग ढाई महीने शेष है तब तक वाटर लेवल 35 से 30 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है।

बांगो डेम की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। जिसमें पानी संग्रहण करने की क्षमता 3264.33 मिलियन क्यूसेक है। बारिश के दिनों में बांगो के केचमेंट इलाके में अच्छी बारिश हुई थी। जिससे इस साल बांध लबालब हो गया था। प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में इस बार बारिश के दिनों में बेहतर बारिश हुई थी जिसके चलते बांध लबालब हो गया था और बांगो बांध के पानी से कोरबा ही नहीं आसपास के पड़ोसी जिलों को खेती किसानी के साथ-साथ संयंत्रों को भरपूर पानी दिया जाता है। जैसे-जैसे डिमांड आती है बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को संचालित कर नहर के माध्यम से पानी छोड़ा जाता है। इस बार पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा से रबी फसल के लिए किसानों ने पानी की डिमांड की थी। जिसके चलते बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को मौजूदा स्थिति में 41 घंटे संचालित किया जा रहा है और हाइडल प्लांट से 5375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यही वजह है कि हाइडल प्लांट लगातार संचालित होने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से गिरते जा रहा है। रविवार की स्थिति में बांगो बांध का जल स्तर 347.60 मीटर पहुंचा है जो कुल जलभराव क्षमता 40.6 फ़ीसदी है जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौजूद स्थिति में लगभग 40 फ़ीसदी बांध में पानी भरा हुआ है और लगातार हाइडल प्लांट से पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते पानी का वाटर लेवल लगातार गिरते जा रहा है। अभी बारिश को आने में लगभग ढाई से 3 महीना शेष है। ऐसे में यदि यही स्थिति में हाइडल प्लांट संचालित होते रहा तो निश्चित तौर पर बांध का वाटर लेवल 30 से 35 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि जैसे-जैसे वाटर लेवल कम होते जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी अब लगातार पानी के वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए हैं और पानी की किसी तरह की कोई कमी ना हो इसके लिए डिमांड के अनुसार हाइडल प्लांट को चलाया जा रहा है। हालांकि अब किसानों को पानी देने के बाद आने वाले दिनों में संयंत्रों की डिमांड के अनुसार ही हाइडल प्लांट से पानी छोड़ा जाएगा।


फाइल फोटो

#### नहर में लगातार छोड़ा जा रहा पानी

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बांगो बांध के पानी से कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ के किसानों को लाभ मिलता है। खासतौर पर बांगो बांध जिला जांजगीर-चांपा के लिए संजीवनी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक किसानों को फसल के लिए लगातार नहरों के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि किसानों की डिमांड के अनुसार पानी कम और ज्यादा किया जाता है। अभी मौजूदा स्थिति में पानी की डिमांड कम है जिसके चलते नहर में पानी कम छोड़ा जा रहा है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवती व एक युवक की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सरईडीह की है। यहां निवासरत जयसिंह कंवर की 25 वर्षीय पुत्री दुर्गा कंवर घर पर अकेली थी। इस दौरान सुबह घर के सदस्य महुआ संग्रहण करने के लिए जंगल गए हुए थे। जब सुबह लगभग 9 बजे जयसिंह की पत्नी जंगल से महुआ संग्रहण कर अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि उसकी पुत्री दुर्गा कंवर घर के कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी हुई है फिर क्या था उसने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी और आनन फानन में दुर्गा कंवर को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्गा कंवर की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। मौत की दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम धमनागुड़ी की है। यहां निवासरत श्याम सुंदर सिंह 44 वर्ष पिता गणपत कंवर लाइनमैन का काम करता था। बताया जाता है कि वह वायरिंग करने के लिए ग्राम पताढ़ी गया हुआ था जहां एक युवक के घर में वह वायरिंग का काम कर रहा था इसी दौरान लोहे की सीढ़ी में चढ़कर काम करने के दौरान करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में उसे भी उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान श्याम सुंदर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

#### खास बातें

- दोनों ही मामला उरगा थाना क्षेत्र का, मर्ग कायम कर तहकीकात में जुटी पुलिस
- बेसुध अवस्था में घर में मिली थी युवती, परिजन लेकर पहुंचे थे अस्पताल

## सीएसईबी कर्मी हुआ लापता, मिला सुसाइट नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत में कार्यरत एक सीएसईबी कर्मी लापता हो गया है। लापता कर्मी ने एक सुसाइट नोट छोड़ा है। हालांकि पुलिस ने मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर सुसाइट नोट के आधार पर मामले की विभागीय जांच के लिए पुलिस ने सीएसईबी प्रबंधन को भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि यदि मामले में अपराधिक घटना आती है तो अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में कार्यरत गोपालदास लापता हो गया है,लेकिन लापता होने से पूर्व उसने एक सुसाईट नोट लिखा है,जिससे पूरा परिवार टेंशन में आ गया है। सुसाईट नोट में गोपाल में कार्यरत दो महिला कर्मचारियों का जिक्र किया है। इसी बात से परेशान होकर उसके द्वारा आत्महत्या किया जा रहा है। लापता गोपाल दास मुख्य रुप से दर्री थाना क्षेत्र के नवागांव झाबू का निवासी है। जमीन अधिग्रहण के बदल गोपाल को डीएसपीएम में तृतीय श्रेणी की नौकरी मिली हुई है। सीएसईबी चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की विभागीय जांच के लिए सीएसईबी प्रबंधन को भेजा गया है।

## भूविस्थापित आज एसईसीएल मुख्यालय में करेंगे तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास से जुड़ी हुई विभिन्न मांगो को लेकर 1 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर महाघेराव और आक्रोश रैली कर सीएमडी दफ्तर का तालाबंदी का ऐलान किया गया है। जिसमें गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के कोयला खदानों के अलावा रायगढ़, चिरमिरी, बिश्रामपुर भटगांव, बैकुंठपुर, क्षेत्र से हजारों की संख्या में भूविस्थापित शामिल होंगे। इसकी तैयारी के लिए बैठकों का दौर जारी है।

भूविस्थापित नेता केशव ने कहा कि विगत दिनों दीपका क्षेत्र अंतर्गत हरदीबाजार में खदानों से प्रभावित ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान व परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई थी, जिसमें भूविस्थापितों के अधिकारों के हनन और शोषण के खिलाफ में प्रस्ताव लिया गया। 1 अप्रैल को सीएमडी कार्यालय (एसईसीएल मुख्यालय) में आक्रोश रैली करने तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए एसईसीएल के सभी क्षेत्रों से अपने अधिकार पाने के लिए भटक रहे लोंगो को एकजुट किया जा रहा है। इस आंदोलन में जिले के कोयला खदानों के साथ साथ अन्य क्षेत्र से हजारों की संख्या में भूविस्थापितों को शामिल होने आव्हान किया गया है। एसईसीएल हाईकोर्ट और जिला प्रशासन के आदेशों को मानने से इनकार करती रही है, कोल इंडिया पालिसी से रोजगार में कटौती, मुआवजा में कटौती, जमीन को बंधक बनाकर रखने, आउटसोर्सिंग कंपनी में बाहरी लोंगो को भर्ती, स्थानीय ठेका कामगारों के सुविधा में कटौती, प्रभावित क्षेत्र के सामुदायिक विकास की अनदेखी के खिलाफ संघर्ष छेड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि मेगा प्रोजेक्ट में बसाहट के एवज में बढ़ी दर से भुगतान किया जा रहा है और बाकी क्षेत्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

#### खास बात

- आक्रोश रैली में जिले सहित सभी क्षेत्रों के भूविस्थापित होंगे शामिल



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।



**खबर संक्षेप**

## चैत्र नवरात्रि पर मां समलेश्वरी को अर्पित की काजू और फूलों की माला



**चांपा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां की सेवा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए श्री खाटू श्याम भक्त रघु सोनी ने कुलदेवी मां समलेश्वरी को काजू और फूलों से सुसज्जित माला अर्पित की। रघु सोनी धार्मिक कार्यों में सदैव समर्पित रहते हैं और भक्ति भाव से सेवा करने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने बताया कि वे प्रत्येक ग्यारस को श्री खाटू श्याम के दर्शन के लिए जाते हैं और अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। उनका मानना है कि नवरात्रि के दौरान मां की सेवा करना अत्यंत पुण्यदायक होता है और हर भक्त अपने भाव किसी भी रूप में प्रकट कर सकता है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी इस कार्य की सराहना की और इसे भक्ति भाव का एक अनूठा उदाहरण बताया। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर भक्तों की आस्था और सेवा भावना पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रही है। इस माला को कलकत्ता फ्लावर के सुमन और रघु ने अपनी मेहनत से बनाया है।

## ग्राम पटेल का प्रथम समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर दी गई जानकारी

**गोधना।** तहसील शिवरीनारायण के ग्राम पटेलों का समीक्षा बैठक 26 मार्च को कार्यालय शिवरीनारायण में तहसीलदार अविनाश चौहान, नायब तहसीलदार बरेठ, राजस्व निरीक्षक किशोर सिंह सिदार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में तहसीलदार अविनाश चौहान ने वर्तमान में चल रहे किसान कार्ड के माध्यम से किसानों को किसान सम्मन निधि योजना का लाभ मिलना, उर्वरक एवं खाद की सुविधा मिलना, राजस्व वसूली, गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना, शासकीय भूमि पर हो रहे हैं अवैध कब्जे पर रोक लगाना ,अपने हल्का पटवारी को शासकीय कार्यों में सहयोग प्रदान करने के संबंध में जानकारी दिया गया। बैठक में तहसीलदार ने समस्त पटवारीयों को भूमि सीमांकन, खाता विभाजन ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण और फौती कटवाने में सहयोग प्रदान करने की बात कही एवं सभी शासकीय कार्यों में ग्राम पटेलों को सहयोग देने के संबंध में कहा गया।

**निधन**

### राधा देवी कुंभकार



**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी स्व. मनीराम कुंभकार की धर्मपत्नी श्रीमती राधा देवी कुंभकार का सोमवार 31 मार्च की शाम 5 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे हसदेव नदी के तट स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा।

कबड्डी में रीवाडीह ने केरीबंधा को हराकर जीता फाइनल

# कबड्डी छत्तीसगढ़ का प्राचीन खेल, बिना खर्च कहीं भी मैदान बनाकर खेल सकते हैं खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अड़भार-मालखरौदा

नगर पंचायत अड़भार में आयोजित ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपंचायत अध्यक्ष कृष्णा रात्रे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मालखरौदा श्रीमती पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे, कवि वर्मा , ब्लॉक कबड्डी संघ डभरा रामेश्वर माली नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सीता रामप्रसाद श्याम, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गबेल, पूर्व न पंचायत अध्यक्ष कार्तिक राम रात्रे,पार्षद भरत जलतारे, पार्षद देवेन्द्र पटेल,नारायण गबेल, चंद्रप्रकाश खूंटे, ब्रजत देवांगन, लकेश्वर श्याम,विकास चौबे, नवधा लाल मौरे,रमेश देवांगन, विकास तिवारी दिनेश जायसवाल, रामधन कटकवार, लोकेश देवांगन, कुसुम यादव, केवड़ा सिदार सहित पार्षद गण एवं प्रतिनिधि विजय उरांव, महेत्तर बरेठ, सूरज महंत,पप्पू रात्रे,गुलशन साहू, सुशीला राजेश साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी छत्तीसगढ़ की प्राचीन खेल है जिसे ग्रामीण बिना खर्च के कोई भी खिलाड़ी कहीं पर भी मैदान बनाकर खेल सकता है। खासकर गरीबों का प्रिय खेल है। आज यही कबड्डी प्रो कबड्डी के रूप में शहरों में भी क्रिकेट की जगह लेकर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर पहचान दिला रहा है। कोरबा की बालिका संजू देवी यादव ने छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह और खासकर महिलाओं से आग्रह किया कि खेल के साथ शिक्षा दोनों जरूरी है आप अपने बच्चों में छुपी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करे। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दें। प्रतियोगिता में शो मैच खेलने आयी सक्ती जिला की बालिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये बालिकाएं खेल के साथ अपनी पढ़ाई पर अपना ध्यान रखती हैं । कार्यक्रम को श्रीमती रश्मि गबेल एवं श्रीमती पूर्णिमा खूंटे ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता में लगभग 40 टीमों ने भाग लिया फाइनल मैच रीवा डीह और केरीबन्धा के बीच हुआ जिसमें रीवा डीह ने जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर केरीबन्धा की टीम रही वहीं तीसरे और चौथे स्थान क्रमशः मां ट्रेडर्स अड़भार और हरनमूड़ी कोरबा रहे। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 15 हजार रुपए एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपये एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 7 हजार रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार रुपए प्रदान किया गया। वहीं प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर सतीश उइके हरनमूड़ी कोरबा को एक हजार रुपए, बेस्ट डिफेंडर विकास सिदार रीवा डीह को एक हजार रुपए, बेस्ट डमी साहिल उरांव अड़भार को एक हजार रुपए, बेस्ट आल राउंडर विनय महंत केरीबन्धा को एक हजार रुपए, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार 15 सौ रुपये सूरज यादव रीवा डीह को प्रदान किया गया। वहीं बालिकाओं को शो मैच के लिए 45-45 सौ रुपये पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।



उपस्थित पेंशनरधारी कल्याण संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य।

# पेंशनरों ने 3 प्रतिशत राहत पेंशन शीघ्र जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई पामगढ़ की होली मिलन समारोह का आयोजन 28 मार्च को सतनाम भवन पामगढ़ में किया गया। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर के मुख्य आतिथ्य एवं तहसील अध्यक्ष शंकर लाल आदित्य के अध्यक्षता में किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा नये पेंशनधारी साथियों चन्द्र प्रकाश खूंटे, कृपा राम कृष्णा,डोल चंद साहू,मुखी राम निखाद राज,जनक राम श्रीवास, गोकुल प्रसाद दिनकर, गुरू नारायण रायसागर, बलराम प्रसाद श्रीवास,शत्रुहन सिंह पैकरा एवं पुनीत राम साहू का तिलक वंदन कर श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी पेंशनरों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली मिलन की शुभकामनाएं दी एवं जमकर गीत,फाग, चुटकुलों के साथ अपने अपने परिचय देते हुए खुशनुमा माहौल में होली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर द्वारा पेंशनरों का 3 प्रतिशत राहत पेंशन (डीआर)) का आदेश शीघ्र प्रसारित करने की मांग छत्तीसगढ़ शासन से किया गया। साथ ही संघ से जुड़े आवश्यक जानकारी देते हुए नवीन पेंशन धारी साथियों को संघ से सक्रिय रूप से जुड़ कर संघीय ढांचे को मजबूत करने का आह्वान किया। आगामी तहसील स्तरीय बैठक खरौद जोन के ग्राम तनौद में अप्रैल महीने में करने की घोषणा की गई। होली मिलन समारोह को सफल बनाने में चैतराम देव खटकर, मिठाई लाल खांडे,रेशम लाल यादव, ठंडा राम मिरी, कन्हैया लाल श्रीवास, नीलकंठ खरे, लकेश्वर लहरे,, कुमुद लाल चन्देल, डीपी शर्मा,भागवत रात्रे, नंदलाल पटेल, होरीलाल आदित्य,अटल बिहारी तिवारी, सोनाराम यादव, अश्ववनी श्रीवास का विशेष योगदान रहा।

■ नए पेंशनरों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

# भक्त माता कर्मा त्याग,तपस्या करुणा की प्रतिमूर्ति : सिंह

**अकलतरा।** ग्राम अकलतरी में साहू समाज के द्वारा पाप मोचनी एकादशी के दिन भक्त माता कर्मा जयंती धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर साहू समाज के द्वारा डी. जे. व मृदंग बाजा के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकालकर जूना तालाब से जल भरकर माता कर्मा भवन लाया गया जहां माता कर्मा की आरती पूजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र कुमार सिंह विधायक अकलतरा ने कहा कि भक्त माता कर्मा त्याग,तपस्या,करुणा व प्रेम की प्रतिमूर्ति हैं उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को अपने हाथो से खिचड़ी खिलाया और भगवान श्री कृष्ण ने साक्षात दर्शन दिए हमे सभी को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर ध्यान देना चाहिए। बेटियो को भी अच्छी शिक्षा देनी चाहिए। कार्यक्रम मे अध्यक्षता कर रहे बीजेश्वर साहू ने कहा कि निःस्वर्थ और निश्छल प्रेम के द्वारा ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को पुर्णेद्र सिंह राणा ,दिलेश्वर साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा संबोधन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी कुमार साहू, रामकुमार साहू , केंद्राध्यक्ष हरनारायण साहू, शांतिलाल साहू संतोष साहू, बद्री साहू, सरपंच समेबाई सुरेश धमधे, पीयूष प्रताप सिंह राणा,जनपद सदस्य पंकजा शिवपाल सिंह राणा, लाला यादव ग्रामअध्यक्ष आत्मा राम साहू, सनद साहू, विष्णु साहू, भुखाऊ राम साहू, कार्यकारिणी कालेस्वर साहू, इंदुलता अशोक साहू, रिखीराम साहू, सरोज साहू, बंशीलाल साहू, दीपक साहू, खेलाराम उपस्थित थे।



# सोनियापाठ में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत सोनियापाठ में सोननदी के किनारे स्थित सोनियापठहीन दाई मंदिर परिसर में 29 मार्च शनिवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ।

कथावाचक पंडित कृष्णा तिवारी (तागा वाले) और आचार्य पंडित कुणाल कृष्ण तिवारी जी ने सोननदी से जल भरकर कलश यात्रा निकाली तथा विधि-विधानपूर्वक वेदी पूजन कर कथा की शुरुआत की। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से देर शाम तक आयोजित की जाएगी। ब्यास आचार्य 30 मार्च को गौकर्ण, धुंधकारी चरित्र एवं 31 मार्च को शुकदेव प्राकट्य, परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। 1 अप्रैल को जड़भरत चरित्र, अजामिल चरित्र, नरसिंह अवतार, 2 अप्रैल को प्रहलाद, वामन चरित्र, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 3 अप्रैल को बाल लीला, माखन लीला, गोवर्धन पूजा, 4 अप्रैल को महारास लीला, उद्धव प्रसंग एवं रुक्मिणी विवाह, 5 अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौती, 6 अप्रैल को गीता पाठ, तुलसी वर्षा एवं सहस्त्रधारा के साथ कथा का समापन होगा । इस संगीतमय आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का आनंद ले रहे हैं।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## केंवट समाज केन्द्रीय समिति के शिव कुमार बने सचिव

**अकलतरा।** केंवट समाज केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों का चुनाव में रामेश्वर कैवर्त अध्यक्ष एवं रमेश चंद्र कैवर्त महासचिव केन्द्रिय सचिव के मार्गदर्शन में चांपा राज परिक्षेत्र में हसदेव नदी तट केराझरिया में सम्पन्न हुआ। चुनाव में अकलतरा परिक्षेत्र से मुडपार खोड, कटनई, पचरी, परसाही नाला, कोटगढ़, खटोला, बरगवां, महमदपुर, पकरिया लटिया, तरौद, किरारी, खिसोरा, पडरिया, पिपरदा, कटघरी, कोटमीसोनार, पिपरसत्ती मधुवा, पोडीदल्हा, अकलतरी, सोनादुला, फरहदा, कल्याणपुर, करुमहू, बुटराभांवर, अर्जुनी रसेडा आदि ग्राम के 18 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। केवट समाज केन्द्रिय समिति का चुनाव में नगर के शिव कुमार कैवर्त्य सचिव पर पर निर्वाचित हुए। शिव कुमार के सचिव निर्वाचित होने पर अकलतरा परिक्षेत्र के कैवर्त समाज में हर्ष व्याप्त हो गया है। इसके बाद उन्होंने नगर में विजय जुलूस निकाला।

## जय स्तंभ में स्टील रेलिंग का फीता काटकर हुआ उद्घाटन

**जैजैपुर।** सतनामी अधिकारी कर्मचारी संघ जैजैपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष उज्जैन लाल टंडन के नेतृत्व में 26 मार्च को सतनाम भवन जैजैपुर में स्थित गुरु घासीदास बाबा के विशाल जय स्तंभ में स्टील रेलिंग का कार्य कराकर अपने कार्य का शुरुआत किया। संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने समग्र रूप से श्वेत फीता काटकर उद्घाटन करके गुरु घासीदास बाबा से आशीर्वाद लिया। इसमें संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष उज्जैन लाल टंडन, कोषाध्यक्ष कमल दास खूंटे, प्रवक्ता येकानंद रात्रे, वरिष्ठ सदस्य भोज राम बघेल, बालकराम खांडेकर, पुरुषोत्तम लाल कोसले, शंकर लाल धीरहे, नरसिंह मधुकर, वीरेंद्र कुर्रे, पारस खूंटे, पवन कुर्रे, खगेश भारद्वाज, पंचराम दिव्या, अनुराम पलांगे, योगेश भारद्वाज, संत कुमार वर्मन, तिहारु राम बघेल, श्री काटले, परसाडीह के सरपंच श्री चौहान और बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### माता परमेश्वरी पुराण यज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के देवांगन पारा में आयोजित संगीतमय माता परमेश्वरी महापुराण यज्ञ कथा के शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई, वहीं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### बिसाहू दास महंत के जयंती समारोह में शामिल होंगे नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत

**सक्ती।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री स्व बिसाहू दास महन्त की एक अप्रैल को 101 वीं जन्मजयंती समारोह का आयोजन सक्ती के बिसाहू दास महन्त उद्यान में किया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने जिले भर के कॉंग्रेस जनो विधायक पूर्व विधायक जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सरपंच जनपद सदस्य गण को आमंत्रित किया गया हैं। जिला कॉंग्रेस के प्रवक्ता आयोजन समिति के सदस्य गिरधर जायसवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त, सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना महन्त 1 अप्रेल को सुबह 9 30 बजे सक्ती पहुंचेंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत थाना के पास हनुमान मंदिर एवं महामाई मन्दिर में पूजा अर्चना के पश्चात बिसाहू दास महन्त उद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में भाग लेंगे। वहां जिले भर से आये जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे उसके पश्चात कोरबा रवाना होंगे।



### पहली बार में ही नवोदय विद्यालय में यश का चयन

**मोहतरा-केरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा में कक्षा पांचवी का छात्र यश यादव का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। मोहतरा गांव से किसी छात्र का पहली बार नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इनको देखकर गांव के अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे। ग्राम मोहतरा निवासी यश यादव पिता भागवत यादव माता सुभद्रा यादव का चयन पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ है। इनके चयन होने पर विद्यालय के प्रधान पाठक सम्मेलाल जावेर, अमित शुक्ला,चंद्रशेखर देवांगन, राम कृष्ण देवांगन, एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रिका पटेल ,सदस्य व समस्त ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने यश यादव को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है



### विधायक के प्रयास से सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ से अधिक स्वीकृत

**बिर्रा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2025-26 के बजट में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में कपिस्दा से बंसुला तक 3 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण कार्यो के लिए कुल 3 करोड़ 72 लाख रुपए 49 हजार की राशि स्वीकृत की गई है,वहीं सिलादेही-मौहाडीह सड़क का 291 लाख रूपये से निर्माण होगा जिससे ग्रामों को जोड़ने में मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलेगी। विधायक बालेश्वर साहू के लगातार जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों द्वारा किए गए मांगों पर बजट में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किया था। विधायक बालेश्वर साहू ने ग्रामीणों के मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया, और उनके अनुरोध पर यह प्रावधान बजट में शामिल किया गया। विधायक श्र बालेश्वर साहू ने ग्रामवासियों की मांग को गंभीरता से लिया और इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया, जिससे बजट में यह राशि स्वीकृत हुई। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री साय ने हमारी और ग्रामीणों की मेहनत को सराहा और जैजैपुर विधानसभा में कपिस्दा - बंसुला 3किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी।वही सिलादेही-मौहाडीह का सड़क निर्माण होगा यह सड़कों का निर्माण न केवल हमारे गांवों को गांव से जोड़ेगा, बल्कि यहां के विकास को गति भी देगा।



### जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में श्लोक का चयन

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी में अध्यनरत छात्र श्लोक मरकाम का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा के लिए हुआ है। श्लोक मरकाम किरारी पोस्ट ऑफिस शाखा प्रबंधक पुनीता सिदार के पुत्र है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने शिक्षक थानेश्वर साहू व माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। शिक्षक थानेश्वर साहू के मार्गदर्शन में पिछले कुछ वर्षों से लगातार देव करारी से बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हो रहा है। शिक्षक थानेश्वर साहू के द्वारा विद्यार्थियों के विकास एवं मार्गदर्शन के लिए ग्राम वासियों के द्वारा प्रशंसा की जा रही है। शिक्षण समिति के अध्यक्ष राम प्रसाद साहू ,पूर्व अध्यक्ष कमल कश्यप ,सरपंच अशोक कुमार कश्यप ,प्राथमिक शाला देवकिरारी के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं बच्चों आदि ने श्लोक मरकाम को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।



महामाया मंदिर में महाआरती का आयोजन, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

# हिन्दू नववर्ष पर आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हसौद में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वहीं महामाया मंदिर में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केवल हसौद ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में शामिल। सैकडों लोगों की भागीदारी ने इसे एक ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव बना दिया।

शोभायात्रा की शुरुआत हसौद के बजरंग चौक से हुई, जो मिलन चौक और मंडी चौक से होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने हाथ में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम के नारे लगाएं। हसौद के विभिन्न चौक-चौराहों पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने खाने-पीने की सामग्री वितरित कर श्रद्धालुओं की सेवा की। महामाया मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भव्य महाआरती में भाग लिया। मंदिर प्रांगण जयकारों से गूंज उठा और भक्तों ने मां महामाया से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही इस भव्य आयोजन का समापन हुआ।

**राधा-कृष्ण की झांकियों ने मोहा मनः-** शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल की गईं, जिसमें स्थानीय कन्याओं ने राधा-कृष्ण और गोपियों का रूप धारण किया। उनके मनमोहक स्वरूप ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा, स्कूटी पर सजी कन्याओं ने भगवा ध्वज थामे जय श्री राम के नारे लगाए, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में भगवान शिव का रूप धारण किए एक युवक की झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस झांकी को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और भक्तिभाव से झूम उठे।

**राजनीतिक एकता की झलकः-** इस आयोजन में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भाजपा, कांग्रेस और जनता कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।





शोभा यात्रा में शामिल लोग एवं शोभायात्रा में दौरान निकाली गई आकर्षक झांकियां

## कीर्तन भजन के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम डोंगाकोहरौद में हिन्दू नववर्ष के अवसर पर कीर्तन भजन के साथ शोभायात्रा निकाली गई । यह कार्यक्रम गांव के लीलामंडली पारा रामायण समिति द्वारा किया गया जिसमें गांव की सभी प्रमुख गलियों में सीताराम भजन के साथ भ्रमण किया गया जिसका स्वागत करते हुए अनेक स्थानों में पानी पिलाया गया । इस यात्रा में प्रमुख रूप से, पी एल कौशिक , जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय , गोपीनाथ कौशिक, पुनीराम पटेल , खिखराम विश्वकर्मा, कृपाल कश्यप,संतोष पटेल,मनीराम कश्यप, अशोक कुमार कौशिक, गंगा पटेल,अनिरुद्ध श्रीवास ,रूपेश कौशिक , पवन कौशिक, अनिरुद्ध कौशिक, राजू कौशिक , रामचरण कश्यप , गजेंद्र कौशिक सहित अन्य लोग शामिल रहे।




### धूमधाम से मनाया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नूतनवर्ष

**नवागढ़।** लिंगेश्वर शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में धूमधाम से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नूतन वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रामचरितमानस के मर्मज्ञ संगीत टोलियों के माध्यम से सामूहिक श्री सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का अनवरत संगीतमय पाठ किया गया। पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की मंगलमयी आरती, भारत माता की आरती संपन्न हुई। नवागढ़ खंड के सभी स्वयंसेवक एवं आचार्य परिवार एकत्रीकरण होकर संघ प्रार्थना संपन्न किए। पूजा, अर्चन, प्रार्थना करने के बाद सुंदर प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद भारतीय संस्कृति की अलख जागते हुए घरों घर आचार्य परिवार ध्वज वितरण किया। इस अवसर पर प्रकाश केसरवानी, हितेश साहू, महेश देवांगन, प्रांजल पांडे, संस्कृत विद्यालय राछा के संचालक कश्यप, माधव देवांगन, विद्यालय परिवार से प्राचार्य- भूपेंद्र कुमार यादव, प्रधानाचार्य- रामगोपाल पांडे, आचार्य- अमृतलाल देवांगन, मदनलाल देवांगन, रामकिशुन पटेल, इंद्रजीत कश्यप, कुश कुमार चंदेल, मनहरण साहू, व्यास नारायण कश्यप, गिरजा शंकर कश्यप, श्रवण कश्यप, नंदिनी तिवारी, सीता देवांगन, शारदा महंत, निशा धीवर, गनेशी यादव, गरिमा केसरवानी सहित अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।



### सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने निकाली शोभायात्रा

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के सरस्वती मंदिर स्कूल के छात्रों ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर रैली निकाली। इस रैली में छात्रों ने पूरे गांव में भ्रमण कर लोगों को नववर्ष की बधाई दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और इसे सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। गांववासियों ने भी छात्रों के इस उत्साहपूर्ण आयोजन की प्रशंसा की और नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया।



## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लिए लोगों में दिख रही रुचि



**अकलतरा।** अकलतरा विद्युत सब डिविजन में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रति विद्युत ग्राहको ने अधिक उत्सुकता और रुचि दिखाई है। अकलतरा के ग्रामीण क्षेत्रों से पीएम सूर्य घर योजना के आवेदन लगातार बढ़ रहा है। आज ग्राम खटोला के सरपंच श्याम सरोज सिंह के निवास में उनके पिता सुगत सिंह के नाम से व तरौद में ग्राम पंचायत के पंच अविनाश सिंह,अतुल सिंह के निवास में सीएसपीडीसीएल के अधिकृत वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा सोलर पैनल इंस्टॉल किया गया जिसको सिंक्रोनाइज अकलतरा ए.ई. बी एल जांगड़े के द्वारा कराया गया। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के इस योजना के लाभ लेने से ग्राम के अन्य कंज्यूमर भी प्रोत्साहित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर के सभा में अपने उद्बोधन के दौरान न सिर्फ इस महत्वपूर्ण योजना का जिक्र किए बल्कि इसके महत्व और भविष्य में इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया ।जांजगीर चांपा जिले के नोडल अधिकारी महेश जायसवाल ने बताया कि ये सरकार की महती योजना है आम जनता में जैसे जैसे इसके प्रति जागरूकता बढ़ेगी देश में सोलर क्रांति का विस्तार होगा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम होगा ।

# आरटीई पोर्टल में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने बिंदुवार तय हुआ सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जांजगीर-चांपा की बैठक जिज्ञासा हायर सेकेंडरी स्कूल जांजगीर के संचालक आलोक शुक्ला यहां रखी गई। बैठक में नई शिक्षा नीति लागू होने के संबंध में विस्तार पूर्वक संचालको से चर्चा की गई।

**खास बात**
- प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

मान्यता नवीनीकरण के संबंध में भी जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से 3 वर्ष की मान्यता देने के लिए सभी संचालकों ने सहमति जताई। साथ ही आर टी ई पोर्टल में विभिन्न प्रकार की विसंगतियों के संबंध विचार विमर्श कर उसको दूर करने के लिए बिंदुवार सुझाव तय हुआ। जिसमें आर टी ई में दर्ज संख्या के आधार पर प्रवेश की जगह संभावित सीट के आधार पर प्रवेश करने की मांग की गई। जो कि आर टी ई अधिनियम 2009 में पहले लागू था। साथ ही आर टी ई की राशि को जो विगत 15 वर्षों से नहीं बढ़ी है। उसको बढ़ाने के लिए भी मांग की गई। एवं जांजगीर चांपा जिले की वर्ष 2019-20,2020-21 एवं 2023-24 की स्टेट हेड की राशि जारी करने के लिए डी पी आई से मांग की गई। कक्षा 5वीं और 8 वीं बोर्ड परीक्षा के संबंध में आने वाले वर्षों के लिए कुछ सुझाव बताए गए। कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, संरक्षक रोशन केसरवानी, उपाध्यक्ष अनिल तिवारी सचिव आलोक शुक्ला आपकोषाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता सहसचिव रवि निर्मलकर पामगढ़ ब्लाक के अध्यक्ष धनंजय दिव्य, नरेंद्र पाण्डेय, नवागढ़ ब्लाक के अध्यक्ष धनेश मिश्रा, बलौदा ब्लाक के अध्यक्ष जितेंद्र सोनी , मीडिया सलाहकार आशीष साव बह्मनिडीह से आशीष अग्रवाल सहित 116 निजी विद्यालय के संचालक उपस्थित थे।



बैठक में चर्चा करते स्कूल संचालक।

## नरियरा में किसान कार्ड के लिए शिविर का आयोजन

**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा भवन में नगरवासियों का किसान कार्ड बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा किसानों एवं नगरवासियों के सुविधा को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राधिका सहगल, उपाध्यक्ष प्रीति दुबे , पार्षद भवानी सिंह, मनोज साव के द्वारा नगर के नागरिकों में किसान कार्ड को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर नगर वासियों को किसान कार्ड के लाभ एवं महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बढ़ चढ़कर नगरवासियों ने किसान कार्ड बनवाया। शिविर के आयोजन में विकास अधिकारी दुर्गेश यादव, पटवारी अवधेश सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों अपने सहयोग प्रदान किया।



# सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा के लिए कीर्तन-प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

तनौद। संगम तीर्थ कमरीद देवरघटा धाम शिवरीनारायण पामगढ़ में सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा तथा उनमें महाशक्ति उत्सर्जन के लिए कीर्तन प्रार्थना का शुभारंभ हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिवस सारंगढ़ राजपरिवार के प्रो.सुश्री सुजाता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी तथा नव दुर्गा जो कि प्रार्थना परिसर में शंकर भगवान के दरबार में विद्यमान है जिनकी पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित करके मातृ ममता द्वारा कीर्तन प्रार्थना का शुभारंभ किया। ये कार्य क्रम पूरे नवरात्रि चलेगा जिसके लिए विभिन्न ग्रामों के महिला कीर्तन मंडली एवं जस गीत पार्टी को आमंत्रित किया गया प्रति दिन भंडारा व्यवस्था होती है। मां शिवा सेवा समिति के गठन का उद्देश्य विभिन्न राष्ट्रहित चिंतन उद्देश्यों में प्रमुख उद्देश्य भारत माता की व्यथा मुक्ति यानी क्रूर हिंसक गतिविधियों के संपूर्ण रोकथाम एवं समस्त सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा तथा उनमें महाशक्ति उत्सर्जन हेतु आत्मिक प्रार्थना करते रहना है जोकि सन 2007 से प्रति वर्ष दोनों नवरात्रि में मातृशक्ति मातृ ममता द्वारा कीर्तन प्रार्थना ,महाशक्ति उत्सर्जन यज्ञिक अनुष्ठान एवं तीन ज्योत जलते आ रही है। समस्त सुरक्षा कर्मियों के लिए,भारत माता के लिए, अपने सभी सहयोगी सदस्यों के लिए जो कि लगभग एक हजार ग्रामों के धर्मशील देशभक्त राष्ट्रचिंतक है उसी क्रम में कार्यक्रम व्यवस्थापक सनातन धर्म संरक्षण प्रचार प्रसार केंद्र वानप्रस्थ आश्रम एवं भारत माता की व्यथा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रार्थना परिसर देवरघटा धाम किया जा रहा है। संस्थापक कोड़भाट के ठाकुर वानप्रस्थी बलराम सिंह, श्रीमती सावित्री सिंह, संचालक आशुतोष सिंह है । कार्यकारी सदस्य गण सम्मेलाल कश्यप केसला, चितरंजन सिंह पैकरा, सुमेर सिंह पैकरा चिसदा, राजकुमार साहू कसडोल, झूमक लाल पटेल, लेखराम पटेल अमलडीहा, विश्वनाथ सिंह पैकरा, भगवान सिंह पैकरा, गुरुदयाल पैकरा फरसोढ़ी मस्तूरी बिलासपुर है।

# अपराधों से सावधान रहने छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारी दी गई।

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर में 29 मार्च को श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर द्वारा उपस्थित लोगों को किशोर न्याय अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बच्चों से संबंधित अपराधों, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया में बढ़ते हुए अपराधों, चोरी लूट , एनडीपीएस अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट, पारिवारिक विवाद एवं अन्य अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के पैरालीगल वॉलिंटियर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल द्वारा उपस्थित लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के उद्देश्य एवं गठन, निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता, नालसा की योजनाओं, बच्चों की अनिवार्य शिक्षा, अपराध के प्रकार, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दिया गया। जी. पी. नायक प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर द्वारा विधिक जागरूकता एवं कानूनी जानकारी की आवश्यकता एवं समाज में बढ़ते हुए अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी व कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया । इस कार्यक्रम में प्राध्यापकगढ़ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




कानूनी जानकारी देते न्यायाधीश।

# चेट्रीचण्ड महोत्सव पर निकली बहराणा साहिब की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती चेट्रीचण्ड महोत्सव के रूप में परंपरानुसार धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी द्वारा शाम को सोझीघाट तथा सिंधु भवन से अलग-अलग बहराणा साहिब की शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। इसके अलावा दोनों ही समाज द्वारा दोपहर एवं रात्रि में आम लंगर का भी आयोजन किया गया।

पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती द्वारा चेट्रीचण्ड पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार 27 मार्च से शुक्रवार 28 मार्च तक विविध आयोजन किए गए। रविवार 30 मार्च को पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी द्वारा अलग-अलग शाम 6 बजे बहराणा साहिब की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती द्वारा सोझीघाट स्थित गुरुद्वारे से गाजे-बाजे के साथ बहराणा साहिब की शोभायात्रा निकाली गई जो सदर बाजार, समलेश्वरी चौक, कदंब चौक, रानी रोड, थाना चौक, डाकघर, श्रीकृष्ण गौशाला, मोदी चौक, डोंगाघाट चौक होते हुए सोझीघाट पहुंची जहां हसदेव नदी में ज्योत का विसर्जन कर दीपदान किया गया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से बस्ती समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण थावानी, श्रीचंद चंदानी, गंगाराम चंदानी, होलाराम चंदानी, सच्चानन्द थावानी, नवीन थावानी, डॉ. अजय थावानी, सिद्धांत उदासी, किशोर मनवानी, सुमित भावनानी, मनोहर धामेचा, लक्ष्मण धामेचा के अलावा बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएं तथा बच्चे शामिल थे। पर्व के उपलक्ष्य में दोपहर 1 बजे से सिंधी कालोनी स्थित सिंधु भवन में तथा रात्रि 9 बजे से सोझीघाट स्थित सिंधी गुरुद्वारे में आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें समाज के अलावा अन्य वर्गों के लोगों ने भी शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

**खास बात**
- हसदेव नदी में ज्योत का विसर्जन कर किया दीपदान



शोभा यात्रा में शामिल सिंधी समाज के लोग।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह मार्च 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 05 दिन | 4.00 | 20.00 |
| 24 दिन | 5.00 | 120.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेंट बंधु को 5 अप्रैल 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411